भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 264

मंगलवार, 26 फरवरी, 2013

स्कूटर इंडिया लिमिटेड की पुनर्संरचना

264. श्री नरेश अग्रवाल:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की स्कूटर इंडिया लिमिटेड में पुनर्पूंजीकरण करने और उसकी पुनर्संरचना करने की योजना है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री

(श्री प्रफुल पटेल)

उत्तर (क) : जी हां ।

(ख) : सरकार ने 31 जनवरी, 2013 को स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड (एसआईएल), लखनऊ के लिए क्रमश: 90.38 करोड़ रूपए की निधि आधारित तथा 111.58 करोड़ रूपए की गैर-निधि आधारित सहायता देने संबंधी पुनरूद्धार प्रस्ताव तथा अधिवर्षिता आयु 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष करने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है ।

(ग): लागू नहीं ।

*****